## थैलेसीमिया व कैंसर जागरूकता कार रैली निकाली

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। जीतो लेडीज विंग द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर थैलेसीमिया व कैंसर रोग के बचाव के लिये जागरूकता कार रैली निकाली गई। अग्रसेन विहार से शुरू रैली का विधिवत शुभारंभ जीएसटी अधिकारी शारदा यादव, डॉ मंजू राठी, डॉ ट्विंकल गर्ग, डॉ देवेश गोयल व डॉ सर्वेश्वर अग्रवाल ने किया। रैली में शामिल सौ अधिक गाड़ियों में कैंसर व थैलेसीमिया रोग के बचाव हेतु जागरूकता पोस्टर चस्पा किये हुए थे। आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोज्य समापन समारोह में चेयरपर्सन नीतिका महनोत ने स्वागत भाषण दिया। डॉ देवेश गोयल ने कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ सर्वेश्वर ने थैलेसीमिया की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। संचालन को-कन्वीनर साक्षी लुहाड़िया ने किया। चीफ सेक्रेटरी रीना गंगवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सुहानी पाहाड़िया, सोनम जैन सहित चैप्टर चेयरपर्सन समकित पहाड़िया, धर्मेंद्र सांड ने विशेष सहयोग किया।

# 'केसरगंज जैन मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब'

**अजमेर,** (निसं)। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मंदिर कमेटी, केसरगंज द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव 11 और 12 मार्च को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में 25 मार्च से पांच दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कमेटी के अध्यक्ष सुनील जैन ढिलवारी, सुनील कुमार साहबजाज और दीपक कोठारी ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि समाज के सभी वर्गों में इस महोत्सव को लेकर खासा उत्साह है और आयोजन की



महोत्सव को लेकर जैन मंदिर कमेटी, केसरगंज द्वारा रविवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उन्होंने बताया कि 11 और 12 मार्च को आयोजित होने वाले आदिनाथ स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का संचालन विधानाचार्य अविनाश भैया भोपाल के निर्देशन में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 11 मार्च को प्रात: 6.45 बजे अभिषेक एवं शांति धारा के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद श्री आदिनाथ विधान का सामूहिक संगीतमय आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। रात्रि सवा आठ बजे भोपाल से आई मंडली द्वारा 'सौधर्म इन्द्र सभा' नामक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जो कार्यक्रम का प्रमुख

■ **आदिनाथ स्वामी जन्म कल्याणक 11-12 मार्च को, महावीर जयंती पर पांच दिवसीय महोत्सव 25 से**

आकर्षण होगी।

12 मार्च को दूसरे दिन प्रात: 6.45 बजे महाराज नाभिराव के दरबार में बधाई गीत और झूला-पालना कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया जाएगा तथा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा केसरगंज जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए आदिनाथ मार्ग पहुंचेगी, जहां चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में रथ, ऊंट-घोड़े, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वजाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 25 से 30 मार्च तक पांच दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 से 29 मार्च तक विभिन्न महिला मंडलों द्वारा प्रतिदिन बधाई गीत और मंगल गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। 30 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित लगभग 40 झांकियां, स्वर्णमयी रथ, ऐरावत हाथी, 11 घोड़े और हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। समाज के पदाधिकारी इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ **तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 11 महाविद्यालयों की टीमें ले रही भागीदारी**

**अजमेर** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को 38वीं अंतर-महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध 11 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया गया है, जिससे विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल का मैदान जीवन की महत्वपूर्ण पाठशाला है, जहां संघर्ष, धैर्य और निरंतर प्रयास का महत्व सीखने को मिलता है। हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन सच्ची जीत वही है जो ईमानदारी और समर्पण से हासिल की जाए। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

## सार-समाचार

### साक्षी जोनवाल को पैसिफिक यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि

**अजमेर**(निसं)। पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (पैसिफिक यूनिवर्सिटी), उदयपुर द्वारा अजमेर की शोधार्थी साक्षी जोनवाल को सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने अपना शोध सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ई-गवर्नेंस की चुनौतियां अजमेर तहसील का एक अध्ययन विषय पर पूर्ण किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार साक्षी जोनवाल का मौखिक परीक्षण 25 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट द्वारा उनकी




शोध थीसिस को औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी गई। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से 6 मार्च 2026 को साक्षी को प्रोविजनल पीएचडी प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। उनका यह शोध स्थानीय स्तर पर डिजिटल प्रशासन यानी ई-गवर्नेंस को लागू करने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को समझने और उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि साक्षी जोनवाल के पिता प्रेम जोनवाल महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। साक्षी की इस उपलब्धि पर परिजनों और परिचितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### महिलाओ को मानसिक और शारीरिक रूप से मज़बत रहने का संदेश

**ब्यावर** (निसं) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले श्री कृष्णा योग मंच सुभाष उद्यान में महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नारी सम्मान के अवसर पर योग और प्रार्थना के पश्चात महिलाओं नेअपने अपने विचार रखेंऔर उनके द्वारा पूर्व में दिए गए योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में भूतपूर्व सभापति और एडवोकेट शशि वाला सोलंकीने महिलाओं के अधिकारों पर विस्तृत रूप से समझाया और कहां की सभी बहने योग करके अपने आप को स्वस्थ रखें। विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी संजय सिंह गहलोत ने महिलाओ को मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से मज़बूत रहने के लिए जागरूक किया। प्रवक्ता प्रवीण मंगल, योग साथी डॉक्टर प्रमोद पोरवाल,योगेश शर्मा, प्रह्लाद सोनी,प्रभु सिंह पीटीआई, सत्यनारायण विजयवर्गीय, अशोक पबनानी, सीता प्रजापति, प्रिया शर्मा, कविता गुप्ता, सीता प्रजापति, सिमरन, प्रवीण विजय वर्गीय, अमृतलाल गहलोत, अभय दास, मिट्ठू लाल सोनी, योगेश गुप्ता, बृजेश साहू,चंद्रशेखर सोलंकी, अंबेदास आदि सभी साथी मौजूद थे। कविता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने विचार साझा किए।नारी सम्मान कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और एक दूसरे का समर्थन किया।

### घनश्याम अग्रवाल अध्यक्ष व पवन सचिव बने



**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। अग्रवाल कन्या पाठशाला प्रबंधन समिति के चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर घनश्याम अग्रवाल को पदीय जिम्मेदारी सौपी गई। उपाध्यक्ष पद पर कमलकिशोर मोर, सचिव पवन अग्रवाल गोंद वाले, सहसचिव एडवोकेट महेश अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद पर गोविंद स्वरूप अग्रवाल निर्विरोध चुने गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो मिलापचंद जैन व सहायक निर्वाचन अधिकारी सीए रवि अग्रवाल ने बताया की चुनावी प्रक्रिया का विधिवत पालन कर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। समाज अध्यक्ष अमित अग्रवाल व महासचिव प्रदीप अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संरक्षक सज्जन कुमार कानोड़िया व लक्ष्मीनारायण अग्रवाल मौजूद रहे।

भाजपा मंडल मसूदा का होली स्नेह मिलन समारोह

### फूलों और गुलाल के साथ कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

**मसूदा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मसूदा द्वारा रविवार को अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गणपति मुनीम ने की। अपने संबोधन में उन्होंने महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को विशेष बताते हुए महिलाओं की राजनीति में बढ़ती भागीदारी और सक्रियता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने भाजपा कार्यकर्ताओं को साफा पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि होली स्नेह मिलन जैसे कार्यक्रम आपसी प्रेम, भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा पार्टी को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर

**अजमेर** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब अजमेर संयोगिता द्वारा वार्ड नंबर 62 में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। क्लब की प्रेसिडेंट डॉ. भारती प्रकाश ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि वे इस प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर जागरूक और आत्मविश्वासी बन सकें। कार्यक्रम




रोटरी क्लब अजमेर द्वारा वार्ड 62 में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

में यशिका रांका ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखना न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे संक्रमण जैसी समस्याओं से भी बचाव किया जा सकता है। संगीता ब्रह्मवर ने सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग और उनके सुरक्षित निस्तारण के तरीकों की जानकारी दी, जबकि नम्रता ब्रह्मवर ने बालिकाओं और महिलाओं में मासिक

■ **200 महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित**

धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक संकोच को दूर करने का प्रयास किया। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निशा शेखावत ने महिलाओं को मासिक धर्म के दिनों में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए पोषणयुक्त और आयरन से भरपूर आहार लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 महिलाओं और बालिकाओं को क्लब की ओर से नि:शुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। वार्ड नंबर 62 के निवर्तमान पार्षद नरेंद्र निक्की तुनवाल ने शिविर के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## 'महिलाओं को मिले सुरक्षा व सम्मान, तो उनमें आएगी निडरता'

■ **महिलाओं को किया सम्मानित, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दिलाई शपथ**

**नागौर,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस रविवार को जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान टाउन हॉल में अतिथियों के संबोधन के साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। वहीं बेहतरीन उपलब्धियों परी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। टाउन हॉल में अतिथियों के आगमन के साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद राजस्थानी लोक नृत्य तथा स्वरूप देहरा एंड पार्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विजय देहरा एंड पार्टी द्वारा कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति देकर महिलाओं के अधिकारों एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में आईपीएस अदिति उपाध्याय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, सेना, व्यापार और तकनीक जैसे लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। इसके बावजूद समान अधिकार और अवसर की लड़ाई कई जगहों पर अब भी जारी है। ऐसे में महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि समाज को समानता और सम्मान का संदेश देने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को हमेशा देने की भावना रखनी चाहिए। आप यदि किसी को कुछ देते हैं तो उसके बदले में हमें दुगुना लौटकर मिलता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि हर पुरुष की उपलब्धि के पीछे एक महिला का हाथ होता है, लेकिन जब किसी महिला या बालिका को उपलब्धि मिलती है तो उसके पीछे पूरे परिवार का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पूरे परिवार को जब हम यह अवसर प्रदान करते हैं, सुरक्षा प्रदान करते हैं तभी एक छोटी बच्ची के मन में साहस व निडरता का भाव आता है और वह दुनिया में कुछ भी हासिल करने की ठान सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में इतना साहस हो कि वे जो भी सोचे वो हासिल कर सके।

# महिला दिवस पर अजमेर मंडल में ऑल-वुमेन स्टाफ ट्रेन का संचालन

**अजमेर( निसं )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और महिला कर्मचारियों के सम्मान के लिए अजमेर मंडल में एक विशेष पहल की गई। रविवार को ट्रेन संख्या 19735 जयपुर-मारवाड़ जंक्शन एक्सप्रेस का संचालन अजमेर-मारवाड़ खंड पर पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया गया।

ट्रेन के संचालन में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल की जिम्मेदारी महिला कार्मिकों ने संभाली। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा और उत्तर पश्चिम रेलवे महिला




महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों के सम्मान के लिए अजमेर मंडल में एक विशेष पहल की गई।

कल्याण संगठन की अध्यक्षा रिंकल भूतड़ा ने अजमेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर पहुंचकर महिला कर्मचारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार महिला कर्मचारियों के सम्मान

■ **अजमेर-मारवाड़ खंड पर एक्सप्रेस ट्रेन पूरी तरह महिला कर्मियों ने चलाई**

के साथ-साथ समाज को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। ट्रेन का संचालन लोको पायलट सुनैना तंवर, सहायक लोको पायलट प्रीति सुनादिया, ट्रेन मैनेजर माधुरी जोशी, चेकिंग स्टाफ दीपमाला परमार, प्रीति पारीक, हिमांशी सांखला तथा रेलवे सुरक्षा बल की सब इंस्पेक्टर चंचल शेखावत, हेड कांस्टेबल सुशीला और कांस्टेबल पूनम व रीना ने सफलतापूर्वक किया।

## पुष्कर में शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का शुभारंभ

■ **प्रथम दिन भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकली**

**पुष्कर,** (निसं)। राजस्थान के तीर्थराज पुष्कर में रविवार को 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। इसे कलयुग का पहला और पुष्कर के इतिहास का सबसे बड़ा महायज्ञ बताया जा रहा है। ब्रह्मघाट पर अर्चना के बाद निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। शोभायात्रा में सुसज्जित बग्गी में महायज्ञ के मुख्य सूत्रधार स्वामी प्रखर जी महाराज सहित कई संत-महात्मा सवार थे। इनमें महानिर्वाण अखाड़े के विशोकानंद जी महाराज, महंडलेश्वर हितेश्वरानंद जी, गुरुशरण जी और दयानंद जी भी शामिल रहे।

शोभायात्रा में देवी-देवताओं की झांकियां, तीन बैंड दल और ध्वजवाहक घुड़सवार भी आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा गऊ घाट, सदर बाजार, बद्री घाट, वराह चौक, महादेव चौक, सूर्य धर्मशाला, नए रंग जी मंदिर, गुरुद्वारा और हाई लेवल ब्रिज होते हुए ब्रह्म सावित्री वेद विद्यापीठ स्थित यज्ञ स्थल पहुंची, जहां कलश स्थापना की गई। प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट और विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह महायज्ञ 19 अप्रैल तक चलेगा।

आयोजन के लिए 200 यज्ञकुंड बनाए गए हैं, जहां देशभर से आए 200 यजमान दंपति प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां देंगे।महायज्ञ स्थल पर प्रतिदिन करीब 2000 विप्र साधक सामूहिक रूप से संध्या-वंदन करते हुए गायत्री मंत्र का जाप करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान लगभग 27 करोड़ गायत्री मंत्रों के जाप का संकल्प लिया गया है, जिसे विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से समर्पित किया गया है। महायज्ञ स्थल पर रविवार को प्रात भी मुंडन, शिखा धारण एवं स्नान आदि के बाद यज्ञोपवीत संस्कार के साथ प्रायश्चित कर्म और संकल्प करवाया गया।

# हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाया वसुंधरा राजे का जन्मदिन

**अजमेर**(निसं)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्मदिन रविवार को शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नारायण व्यायामशाला अखाड़े वाले हनुमान मंदिर (जीपीओ के सामने) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष हनुमान चालीसा का नौ बार पाठ किया गया और वसुंधरा राजे के उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। इसके बाद 5 किलो 250 ग्राम मावा और सूखे मेवों से बना विशेष केक भगवान हनुमान को भोग लगाकर काटा

■ **मावा व सूखे मेवों से बना 5 किलो 250 ग्राम का केक काटकर की दीर्घायु की कामना**

गया और प्रसाद स्वरूप उपस्थित लोगों में वितरित किया गया।

अजमेर नगर परिषद के पूर्व सभापति सुरेंद्र सिंह शेखावत ने वसुंधरा राजे के चित्र को केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं नगर परिषद के पूर्व पार्षद सुभाष खंडेलवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। भाजपा कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल बंजारा ने हनुमानजी की आरती करवाई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक का प्रसाद खिलाते हुए वसुंधरा राजे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हितेश वर्मा, ऋषिराज जसोरिया, लोकेंद्र बंजारा, संजय अग्रवाल, सुबोध सोलंकी, मनजीत सिंह, विक्रम सिंह, सुरेंद्र जैन, राजेश पवार, रवि गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर, प्रवेश पालीवाल, धीरज प्रजापति, मंथन यादव, मोहित यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुनिसुव्रतनाथ भगवान के पंचामृत अभिषेक किया

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुनिसुव्रतनाथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये। जैन समाज की महिलाओं द्वारा मुनिसुव्रतनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा की गई। पंचायत उपमंत्री राजेश पांड्या व गौरव पाटनी ने बताया कि मुनिसुव्रतनाथ भगवान के जल, नारियल पानी, शर्करा, संतरारस, मौसमी रस, दूध दही घी केसर पुष्प, सरोज सर्व औषधि से पंचामृत अभिषेक कर श्रीजी के मस्तक पर विश्व के उत्थान, शांति के लिए शांतिधारा की।

## 8.83 करोड़ की लागत से संवरेगा जयपुर रोड

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान बजट 2025-26 की घोषणा के तहत अजमेर शहर को स्मार्ट और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को रोडवेज बस स्टैंड के पास जयपुर रोड पर शहर के मुख्य प्रवेश द्वार से अंबेडकर सर्किल तक होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस परियोजना पर कुल 8.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जयपुर रोड पर पहले से ही करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है और अब करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। इस प्रकार लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से यह पूरा क्षेत्र विकसित होगा और शहर के प्रमुख प्रवेश मार्ग को नया स्वरूप मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत सडक़ सुधार, चौराहों का विकास और विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। प्रवेश द्वार से लेकर अंबेडकर सर्किल तक के मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा।

# 13 से 25 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव

**अजमेर,** (निसं)। पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में 13 से 25 मार्च तक 13 दिवसीय चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 32 संस्थाओं के सहयोग से शहर में 39 से अधिक धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समिति के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ विशाल श्री झूलेलाल प्रतिमा पर संतों द्वारा धर्म ध्वजा पूजन से होगा। इसके बाद विभिन्न कॉलोनियों और प्रमुख स्थलों पर धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महोत्सव के अंतर्गत सिन्धियत जी सुहिणी शाम, विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता, चेटीचंड व नव संवत्सर




चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव को लेकर समिति मेम्बरों की बैठक हुई।

संगोष्ठी, प्रतिभा सम्मान समारोह, टैलेंट शो, सिंधी लेडीज क्लब द्वारा नाटक, मुंडन हवन जनेऊ संस्कार, पंचांग टिपिणो विमोचन, सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अलावा सिन्धुरत्न सम्मान, प्रभात फेरी, चेटीचंड मिलन समारोह, महारानी लाडी बाई मातृशक्ति जुलूस, सिन्धु संस्कृति मेला तथा विद्यालयों में श्री झूलेलाल व भगवान बनो प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

समिति के महामंत्री महेंद्र कुमार तीर्थाणी ने बताया कि शहर की प्रत्येक कॉलोनी में पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें दादा

■ **आदिनाथ स्वामी जन्म कल्याणक 11-12 मार्च को, महावीर जयंती पर पांच दिवसीय महोत्सव 25 से**

झमटमल टिलवाणी सम्मान, दादी सुशीला मोटवाणी सम्मान, दादा गोवर्धन महबूबाणी भारती सम्मान, भाउ हरिसुंदर सम्मान और दीदी सुंदरी केवलरामाणी सम्मान शामिल हैं।

संरक्षक गिरधर तेजवाणी ने बताया कि सिंधी भाषा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान बहिराणा साहिब, छेज, झूलण, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक संध्या, महाआरती और भंडारे भी आयोजित किए जाएंगे।

**खोया/पाया**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की गोटा कामगार कॉलोनी के समीप एम.पी नगर योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 36 का कुल क्षेत्रफल 135 वर्ग मी. का मूल पट्टा मुझ पट्टा धारक हेमेन्द्र कुमार पुत्र कबीर दास निवासी 9, गली नं. 2, श्याम नगर, फ़ायसागर रोड, अजमेर को दिनांक 10.03.2013 को प्राधिकरण द्वारा आवंटित हुआ था, जो उप पंजीयक कार्यालय अजमेर प्रथम अजमेर में मेरे द्वारा दिनांक 10.04.2013 को पंजीकृत करवाया गया था का मूल पट्टा अजमेर में कहीं खो गया है, की गुमशुदगी रिपोर्ट दिनांक 24.02.2026 को दर्ज करवाई हुई है, जिसका एल. आर. नं. 3064694/2026 है, जिस किसी को भी मेरा मूल पट्टा प्राप्त हो तो मुझ श्रीमान हेमेन्द्र कुमार पुत्र कबीर दास निवासी 9, गली नं. 2, श्याम नगर, फ़ायसागर रोड, अजमेर को मो. नं. 9413780467 पर सूचना दे ।

**आम सूचना**

हमारी फर्म मैसर्स जैन माईन्स एण्ड मिनरल्स मुख्य व्यवसायिक स्थान F-396, 397 पर्यावरण रोड, रीको इंडस्ट्रियल एरिया मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर, राजस्थान 305801 में पंजीयन क्रमांक RF/AJM/2018/620 पर पंजीकृत भागीदारी फर्म है। उक्त फर्म में (1) राजेश कुमार जैन पुत्र दौलत राम निवासी जयपुर (2) धनेश जैन पुत्र श्री सुमेर चंद सेठी निवासी किशनगढ़ साझेदार थे। उक्त साझेदारी में सभी भागीदारो की सहमती से (1) छोटा राम पुत्र श्री मंगूराम निवासी नागौर को दिनांक 12 फरवरी 2020 से नया साझेदार शामिल किया गया है। तथा सभी साझेदारो की सहमती से मुख्य व्यवसायिक स्थान C/O पंकज जैन पुत्र पदमचन्द जैन 468 विनायक नगर मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर, राजस्थान 305801 पर बदलने का निर्णय लिया है, तथा अन्य व्यवसायिक स्थान ग्राम बडला, तहसील देवली, जिला टोंक, राजस्थान 304507 पर बदलने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत विलेख भी निष्पादित किया जा चूका है। अतः हर आम व खास को इस आम सूचना के जरिये सूचित करते है कि यदि उक्त भागीदारी के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो आवश्यक दस्तावेज के साथ 7 दिवस में रजिस्टार ऑफ फर्म्स, जिला उधोग एवं वाणिज्य केन्द्र अजमेर में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं की जाएगी।